उत्तर पश्चिम रेलवे
रेलवे भर्ती कक्ष,
भवन नं. 4, द्वितीय तल,
केन्द्रीय रेलवे चिकित्सालय के सामने,
रेलवे स्टेशन द्वितीय प्रवेश द्वार के पास,
जयपुर– 302006
वेबसाईट rrcjaipur.in

महत्वपूर्ण सूचना

विषयः– केन्द्रीयकृत रोजगार सूचना आरआरसी 01/2019 के तहत लेवल–1 के पदों पर भर्ती।

केन्द्रीयकृत रोजगार सूचना सं. आरआरसी 01/2019 के तहत लेवल–1 के पदों पर भर्ती हेतु विभिन्न चरणों में किये गये दस्तावेज सत्यापन के उपरान्त अभ्यार्थियों को चिकित्सा जांच हेतु रेलवे चिकित्सालय भेजा गया था। दस्तावेज सत्यापन एवं चिकित्सा जांच परीक्षा में सफल पाए गए अभ्यार्थियों को मेरिट आधार पर ऑनलाईन आवेदन पत्र में दी गई पद की प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए अधिसूचित पद की चिकित्सा श्रेणी के आधार पर उपलब्ध रिक्तियों के विरूद्व पैनल पर रखा गया। कुछ अभ्यार्थी बी–2 एवं सी–1 चिकित्सा श्रेणी में फिट थे तथा मेधा सूची एवं उनकी चिकित्सा श्रेणी के अनुसार उनके लिए सुटेबल पद उपलब्ध नहीं होने पर अभी तक पैनल पर नहीं रखा जा सका था।

प्रोविजनल पैनल पर रखे गए अभ्यार्थियों द्वारा आवंटित मंडल/यूनिट पर कार्यग्रहण नहीं करने, सेवा से त्यागपत्र देने वाले अभ्यार्थियों के कारण से हुई रिक्तियों में से रेलवे बोर्ड के पत्र दिनांक 16.12.2024 में दिये गये निर्देशानुसार उपलब्ध उच्च चिकित्सा श्रेणी की रिक्तियों को निम्न चिकित्सा श्रेणी की रिक्तियों में बदलने (Divert) के उपरान्त इन रिक्तियों को उपरोक्त पैरा में वर्णित अभ्यार्थियों में से समुदायवार मेरिट के आधार पर भरा जाना प्रस्तावित है। इस आधार पर निम्नलिखित रोल नम्बर के अभ्यार्थियों को पुनः चिकित्सा जांच हेतु (रेलवे चिकित्सालय में चिकित्सा जांच करवाए हुए 06 माह से अधिक हो जाने के कारण) बुलाया जा रहा है, ताकि पात्रता की सभी शर्तो को पूर्ण करने के उपरान्त उन्हे प्रोविजनल पैनल पर रखने हेतु अग्रिम कार्यवाही की जा सकें।

Roll No.	Roll No.	Roll No.	Roll No.
124192120167341	124194110346329	124194170137611	124195210525100
124193170300291	124194120371871	124195170184372	Total=07

अतः उक्त सारणी में दिये गये रोल नम्बर के अभ्यार्थी पुनः चिकित्सा जांच करवाने हेतु दिनांक 05.05.2025 को प्रातः 10.00 बजे अपने मूल दस्तावेजों एवं 06 फोटोग्राफ के साथ निम्न स्थान पर उपस्थित होवें।

स्थानः– रेलवे भर्ती कक्ष,
भवन नं. 4, द्वितीय तल,
केन्द्रीय रेलवे चिकित्सालय के सामने,
रेलवे स्टेशन द्वितीय प्रवेश द्वार के पास,
जयपुर

पुनः चिकित्सा जांच परीक्षा हेतु निर्धारित तिथि पर उपस्थित नहीं होने पर अभ्यार्थी की पात्रता निरस्त कर दी जाएगी।

उपरोक्त परिणाम को तैयार करने में पूर्ण सावधानी बरती गई है, किंतु अनजानी भूल की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर इसे सुधारने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

-S/d-
अध्यक्ष
रेलवे भर्ती कक्ष

दिंनाकः– 30.04.2025

सावधान : उम्मीदवारों को यह सलाह दी जाती है कि वो ऐसे असंवैधानिक तत्वों के चक्कर में ना पड़ें जो लिखित परीक्षा परिणाम के आधार पर पैसे लेकर नौकरी दिलाने का झूठा वादा करते है। भर्ती पूर्णतः योग्यता के आधार पर की जाती है तथा केवल योग्य एवं वास्तविक उम्मीदवारों को ही पैनल में शामिल किया जाता है।